**भारतीय मानक ब्यूरो**
**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय**
**(उपभोक्ता मामले विभाग), भारत सरकार**
**मानक भवन, 9 बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002**

सत्यमेव जयते

मानकः पथप्रदर्शकः

## विज्ञापन सं.06(वाईपी)/2024/एचआरडी

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन एक सांविधिक और भारत का राष्ट्रीय मानक निकाय है। यह देश में मानकीकरण, उत्पाद एवं पद्धति प्रमाणन, स्वर्ण/चांदी के आभूषणों की हॉलमार्किंग एवं प्रयोगशाला परीक्षण इत्यादि गतिविधियां संचालित करता है।

2. बीआईएस ऐसे भारतीय नागरिकों को अनुबंध आधार पर यंग प्रोफेशनलों (वाईपी) (मानकीकरण गतिविधि) के रूप में बीआईएस के साथ काम करने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है, जो प्रमाणित शैक्षणिक योग्यता, व्यावसायिक उपलब्धि, कम्पयूटर पर टेक्नॉलजी आधारित कौशल की अच्छी कार्यकारी जानकारी तथा प्रबल संवाद एवं पारस्परिक कौशल और नेतृत्व की योग्यता रखते हों। विज्ञापन का विवरण निम्नलिखित प्रकार से है:

| श्रेणी | पदों की संख्या* | आवश्यक शैक्षणिक योग्यता | कार्य अनुभव | ऊपरी आयु सीमा | पारिश्रमिक हर महीने |
|---|---|---|---|---|---|
| सीई..डी. | 1 | सिविल इंजीनियरिंग में बीई.बी/टेक.. | संबंधित क्षेत्र में 02 वर्ष का कार्य अनुभव। | वर्ष 35 आवेदन ) की अंतिम तिथि के (अनुसार | ₹70,000/- प्रति माह |
| एफ.ए.डी. | 1 | फूड सांइस टेक्नालिजी में बीई.बी/टेक.. | | | |
| ई .डी.ई. | 1 | इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग में बीई.बी/टेक.. | | | |
| एम.डी.ई. | 1 | मैकेनकिल इंजीनियरिंग में बीई.बी/टेक.. | | | |
| एस.डी.एम.सी. | 2 | कम्पयूटर सांइस इंजीनियरिंग में बीई.बी/टेक.. | | | |

*** बीआईएस द्वारा भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में पदों की संख्या भिन्न हो सकती है और/या बदली जा सकती है।**

**3. कार्य का स्थान**: वर्तमान में जारी की गई रिक्तियाँ दिल्ली में हैं। हालाँकि, यंग प्रोफेशनल (मानकीकरण गतिविधि) को आवश्यकतानुसार भारत में किसी भी स्थान पर तैनात किया जा सकता है।

**4. चयन प्रक्रिया:** प्राप्त सभी आवेदनों की जांच की जाएगी और उन्हें सूचीबद्ध किया जाएगा। अभ्यर्थियों को उनकी योग्यता, अनुभव और आवेदन पत्र में दिए गए अन्य विवरणों के ध्यान में रखते हुए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। जहां भी आवेदनों की संख्या अधिक हो, वहां अभ्यर्थियों की शॉर्टलिस्टिंग आवश्यक योग्यता में प्राप्त अंकों के आधार पर या बीआईएस द्वारा तय किए गए निर्णय के अनुसार की जा सकती है। की जा सकती है। केवल योग्यता की पूर्ति या शॉर्टलिस्टिंग यंग प्रोफेशनल (मानकीकरण गतिविधि) के रूप में नियुक्त होने का कोई अधिकार प्रदान नहीं करेगी। चयनित उम्मीदवारों को तकनीकी ज्ञान मूल्यांकन, साक्षात्कार आदि के लिए बुलाया जाएगा। बीआईएस के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी आवेदनों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

**5. नियुक्ति की अवधि** : नियुक्ति पूर्णतया संविदा आधार पर दो वर्ष की अवधि के लिए है।

**6. नियुक्ति की प्रकृति**: नियुक्ति पूरी तरह से अनुबंध के आधार पर है और यह अनुबंध अवधि के अंत में निरस्तीकरण के अधीन होगी।

**7. पारिश्रमिक**: यंग प्रोफेशनल (मानकीकरण गतिविधि) को दो साल के लिए निर्धारित ₹70,000/- (सत्तर हजार रुपये मात्र) का समेकित मासिक पारिश्रमिक का भुगतान किया जाएगा। पारिश्रमिक वैधानिक कटौती के अधीन है।

**8. यात्रा भत्ता/ दैनिक भत्ता:** असाइनमेंट में शामिल होने या उसके पूरा होने पर कोई टीए/ डीए नहीं दिया जाएगा। यदि सरकारी असाइनमेंट के संबंध में यात्रा करने और ठहरने की आवश्यकता होती है तो वैज्ञानिक-बी स्तर के नियमित बीआईएस अधिकारी को दिए जाने वाले टीए/डीए और आवास भत्ते का भुगतान किया जाएगा।

**9. अवकाश:** यंग प्रोफेशनल (मानकीकरण गतिविधि) एक वर्ष में बारह (12) दिनों के अवकाश के लिए पात्र होंगे। अनुमत अवकाश से अधिक अनुपस्थिति की अवधि के लिए कोई पारिश्रमिक देय नहीं होगा। साथ ही अप्रयुक्त छुट्टी को न तो अगले वर्ष के लिए आगे ले जाया जा सकेगा और न ही इसे भुनाया जा सकेगा।

**10. कार्य करने का समय:** यंग प्रोफेशनल (मानकीकरण गतिविधि) कार्यालय के सामान्य कार्य करने के घंटों का यथा निर्धारित (अर्थात प्रातः 9:00 बजे से सायं 5.30 बजे तक) पालन करेंगे। तथापि, अत्यावश्यकता के अनुसार समयबद्ध कार्य या बाहरी कार्यों को पूरा करने के लिए देर तक बैठना पड़ सकता है। बायोमैट्रिक अटेंडेंस सिस्टम के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराई जाएगी।

**11. अन्य विनियोजन नही:** यह पूर्णकालिक विनियोजन होगा और यंग प्रोफेशनल (मानकीकरण गतिविधि) बीआईएस में विनियोजन अवधि के दौरान कोई अन्य कार्य नहीं करेगा।

**12. मृत्यु, चोट या बीमारी के लिए मुआवजा:** व्यक्तिगत यंग प्रोफेशनल (मानकीकरण गतिविधि) की मृत्यु, चोट या बीमारी की स्थिति में, जो अनुबंध की शर्तों के तहत बीआईएस की ओर से सेवाओं के निर्वहन के लिए जिम्मेदार है, और / या आधिकारिक ड्यूटी के लिए यात्रा करते समय, बीआईएस या भारत सरकार के किसी भी कार्यालय या परिसर में अनुबंध के तहत कोई भी सेवा करते समय, व्यक्तिगत यंग प्रोफेशनल (मानकीकरण गतिविधि) या उसके आश्रित किसी भी मुआवजे या किसी भी दावे के हकदार नहीं होंगे।

**13. मेडिकल फिटनेस और पुलिस सत्यापन:** यंग प्रोफेशनल (मानकीकरण गतिविधि) की नियुक्ति के बाद पुलिस सत्यापन किया जाएगा। कार्यभार ग्रहण के समय परामर्शक किसी अधिकृत/पंजीकृत मेडिकल प्रैक्टिशनर से मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र भी जमा करेंगे।

**14. अनुबंध/विनियोजन की समाप्ति:** यंग प्रोफेशनल (मानकीकरण गतिविधि) की नियुक्ति बीआईएस द्वारा किसी भी समय बिना कोई कारण बताए उन्हें 30 दिन का नोटिस देकर समाप्त की जा सकती है। हालाँकि, यदि अधिकारी इस्तीफा देना चाहता है, तो उसे इस्तीफा देने से पहले 30 दिनों की अग्रिम सूचना या उसके एवज में पारिश्रमिक देना होगा।

**15. डेटा और दस्तावेजों की गोपनीयता:**

(क) बीआईएस के लिए उत्पादित प्रदेय वस्तुओं के साथ-साथ एकत्र किए गए डेटा की बौद्धिक संपदा का अधिकार बीआईएस के पास रहेगा।

(ख) बीआईएस में उसके असाइनमेंट के उद्देश्य से एकत्र किए गए डेटा या आंकड़े या जानकारी या कार्यवाही या रिकॉर्ड का कोई भी हिस्सा किसी तीसरे पक्ष के साथ उपयोग, प्रकाशित, प्रकट या साझा नहीं किया जाएगा।

(ग) यंग प्रोफेशनल (मानकीकरण गतिविधि) अनुबंध की समाप्ति से पहले नियत कार्य के रिकॉर्ड के पूरे सेट को बीआईएस को सौंपने के लिए बाध्य है।

(घ) यंग प्रोफेशनल (मानकीकरण गतिविधि) की नौकरी अत्यंत गोपनीय है और सभी स्तरों पर, अधिकारियों से सभी कार्यों में इसे बनाए रखने की उम्मीद रखी जाती है।

**16. हितों का टकराव:** नियुक्त यंग प्रोफेशनल (मानकीकरण गतिविधि), बीआईएस के हितों के विपरीत किसी भी मामलें में प्रतिनिधित्व, राय या सलाह नहीं देगा।

**17. सेवा और शर्तें और सामान्य निदेश**

i) अभ्यर्थियों को ध्यान देना चाहिए कि, यदि विनियोजन के किसी भी चरण में, यह पाया जाता है कि अभ्यर्थियों ने कोई झूठी / काल्पनिक जानकारी / दस्तावेज जमा किए हैं, तो उनकी अभ्यर्थिता तुरंत रद्द कर दी जाएगी और वह कानून / नियमों के अनुसार कार्रवाई के लिए उत्तरदायी होंगे।

ii) अभ्यर्थियों के पास एक वैध ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर होना चाहिए, जिसे आवेदन पत्र में उपयुक्त स्थान पर दर्ज किया जाना चाहिए और भर्ती प्रक्रिया पूरी होने तक सक्रिय/वैध रहना चाहिए। एक बार प्रस्तुत करने के बाद ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर में कोई बदलाव स्वीकार नहीं किया जाएगा। गलत या समाप्त ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर के लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।

iii) अभ्यर्थी ध्यान दें कि नियुक्ति के सभी चरणों में उनकी अभ्यर्थिता पूरी तरह से संविदा आधार पर है।

iv) यदि परिस्थितियां न्यायसंगत न हो, तो ब्यूरो किसी भी त्रुटि और चूक / विचलन के मामले में अधिसूचित रिक्तियों और इस विज्ञापन के किसी भी प्रावधान में संशोधन / परिवर्तन करने या विज्ञापन और नियुक्ति को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

v) चेतावनी: ब्यूरो में चयन नि:शुल्क, निष्पक्ष और योग्यता आधारित है। किसी भी स्तर पर चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का कोई भी प्रयास सेवा से अभ्यर्थिता समाप्त करने के लिए उत्तरदायी होगा और संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी।

vi) नियुक्ति की प्रक्रिया सहित इस विज्ञापन से उत्पन्न होने वाला कोई भी विवाद दिल्ली में स्थित न्यायालयों के एकमात्र अधिकार क्षेत्र के अधीन होगा।

**18. आवेदन जमा करना:** अभ्यर्थियों को केवल बीआईएस वेबसाइट यानी www.bis.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। अभ्यर्थियों को बीआईएस वेबसाइट के माध्यम से 28.12.2024 से 17.01.2025 (अंतिम तिथि तक ऑनलाइन आवेदन करना होगा। किसी भी परिस्थिति में आवेदन जमा करने का अन्य माध्यम/मोड स्वीकार नहीं किया जाएगा। समय सीमा के बाद प्राप्त या किसी तकनीकी खराबी के कारण छूट गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। किसी भी प्रकार की पूछताछ के लिए कृपया yp.hrd@bis.gov.in पर संपर्क करें।

**19. आवेदन शुल्क:** आवेदक को किसी शुल्क का भुगतान नहीं करना होगा।

**20. घोषणाएँ:** इस प्रक्रिया से संबंधित समय-समय पर आगे की घोषणाएँ केवल बीआईएस वेबसाइट www.bis.gov.in पर प्रकाशित की जाएगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे विवरण और अपडेट के लिए नियमित रूप से अधिकृत बीआईएस वेबसाइट www.bis.gov.in देखें।

**नोट: बीआईएस बिना कोई कारण बताए प्रक्रिया और/या अपेक्षाओं को संशोधित/पुनर्निर्धारित/रदद्/निलंबित करने का अधिकारी सुरक्षित रखता है। बीआईएस का निर्णय अंतिम होगा और किसी भी अपील पर विचार नहीं किया जाएगा।**

**दिनांक: 28.12.2024** — **प्रमुख (एचआरडी)**

**स्थान: नई दिल्ली** — **भारतीय मानक ब्यूरो**